**NEWS CLIPPING:12.08.2023**

## THE IMPRESSIVE TIMES

# An Educational Visit to All India Radio, New Delhi

**Navin Dhamija**
info@impressivetimes.com



**FARIDABAD/BADKHAL :** An educational visit to All India Radio was organized by J.C. Bose University's Department of Communication and Media Technology for the students of BAJMC 3rd Semester. The visit was conducted under the supervision of Assistant Professor, Dr. Taruna Narula and Production Assistant, Mr. Pankaj Saini of the department. The visit was organized under the guidance of the chairperson of the department, Dr. Pawan Singh. The aim of the visit was to give students an understanding about the working and structures of All India Radio. Through this visit, students got practical exposure to the studio, control room, and function of equipment used in the AIR Studio. Students also got an opportunity to meet and interact with the staff of All India Radio. Students also explored the latest technologies related to studio equipment's. Students also experienced how live programs take place at radio stations and also understood the technical aspects related to radio broadcasting. All India Radio Team members spoke to the students about the importance of AIR in this Digital World and motivated the students to listen to All India Radio for accurate knowledge and information. The visit was interactive; and meaningful for the students in which, they learned about the importance of All India Radio and understood its work and structure. In the end, students also enjoyed a cultural event 'Meri Mati-Mera desh' was organized by All India Radio. The live performance by ITBP ( Indo-Tibetan Border Police) and their group made the visit memorable and remarkable. The visit was done under the guidance of Dean, FLAMS, Mrs. Poonam Singhal and Chairperson In charge of Communication and Media Technology, Dr. Pawan Singh and under supervision of Department's Assistant Professor, Dr. Taruna Narula and Production Assistant, Pankaj Saini. Vice Chancellor of J.C. Bose University, YMCA, Professor S.K. Tomar and Registrar, Dr. Sunil Garg congratulated for the successful event and said that such educational tours should be organized in future also so that media students get practical exposure.

**NEWS CLIPPING:12.08.2023**

# PUNJAB KESARI

# इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी पर पाठ्यक्रम का सफल समापन

फरीदाबाद, 11 अगस्त (पूजा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी पर आयोजित एक सप्ताह का पाठ्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया। समापन सत्र में विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर अंजू गुप्ता ने पाठ्यक्रम की कार्यवाही का एक व्यावहारिक अवलोकन प्रस्तुत किया। उन्होंने संसाधन वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाया। इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय (एफईटी) के डीन प्रो. राज कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए इस तरह की पहल के माध्यम से ज्ञानवर्धन के महत्व पर प्रकाश डाला और संकाय सदस्यों के कौशल को बढ़ाने में इन पाठ्यक्रमों की भूमिका पर बल दिया।

कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता तथा आयोजन के लिए विभाग की सराहना की। प्रो. तोमर ने छात्रों और संकाय सदस्यों को उन्नत ज्ञान एवं कौशल से लैस करने में ऐसे प्रयासों के महत्व पर बल दिया तथा कहा कि तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी परिदृश्य में प्रासंगिक बने रहने के लिए ऐसे पाठ्यक्रम आवश्यक हैं।



*प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करती हुई इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर अंजू गुप्ता एवं अन्य।*

पांच दिवसीय कार्यक्रम में विविध सत्र आयोजित किये गये, जिसमें प्रत्येक का संचालन इलेक्ट्रिक वाहनों में विशेषज्ञता वाले प्रतिष्ठित शिक्षाविद् तथा उद्योग विशेषज्ञों द्वारा किया गया, जिसमें जेबीएम ग्रीन एनर्जी सिस्टम्स, गुरुग्राम के सीईओ अरुण कपूर, डीटीयू दिल्ली से प्रोफेसर मुख्तियार सिंह, शारजाह विश्वविद्यालय, संयुक्त अरब अमीरात से प्रोफेसर आर.सी. बंसल, और ऑटोमोबाइल विशेषज्ञ और हीरो मोटोकॉर्प्स के पूर्व जीएम अरुण शिवसुब्रमण्यम प्रमुख रहे। वक्ताओं ने नवीकरणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों के एकीकरण से लेकर बैटरी प्रौद्योगिकी, चार्जिंग बुनियादी ढांचे, इलेक्ट्रिक मोटर और ड्राइव-ट्रेन, बाजार के रुझान, चुनौतियों और अवसरों से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान क्वार्बज इन्फो सिस्टम्स, कानपुर से डॉ. सालिम कुरेशी और एरा बाजपेयी द्वारा व्यावहारिक सत्र आयोजित किये गये। प्रतिभागियों को बुनियादी से लेकर उन्नत स्तर तक के व्यापक सिमुलेशन पर प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को फरीदाबाद में इलेक्ट्रिक वाहनों की प्रमुख विनिर्माण कंपनी ओमेगा सेकी मोबिलिटी (ओएसएम) का दौरा कराया गया।

**NEWS CLIPPING:12.08.2023**

# PIONEER

# इलेक्ट्रिक पाठ्यक्रम प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्रों को किया जागरूक

## वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में साप्ताहिक प्रशिक्षण का हुआ समापन



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी पर आयोजित एक सप्ताह का पाठ्यक्रम आज संपन्न हो गया। समापन सत्र में विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर अंजू गुप्ता ने पाठ्यक्रम की कार्रवाई का एक व्यावहारिक अवलोकन प्रस्तुत किया। उन्होंने संसाधन वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाया। इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय (एफईटी) के डीन प्रो. राज कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए इस तरह की पहल के माध्यम से ज्ञानवर्धन के महत्व पर प्रकाश डाला और संकाय सदस्यों के कौशल को बढ़ाने में इन पाठ्यक्रमों की भूमिका पर बल दिया।

कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता तथा आयोजन के लिए विभाग की सराहना की। प्रो. तोमर ने छात्रों और संकाय सदस्यों को उन्नत ज्ञान एवं कौशल से लैस करने में ऐसे प्रयासों के महत्व पर बल दिया तथा कहा कि तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी परिदृश्य में प्रासंगिक बने रहने के लिए ऐसे पाठ्यक्रम आवश्यक हैं। पांच दिवसीय कार्यक्रम में विविध सत्र आयोजित किये गये, जिसमें प्रत्येक का संचालन इलेक्ट्रिक वाहनों में विशेषज्ञता वाले प्रतिष्ठित शिक्षाविदों तथा उद्योग विशेषज्ञों द्वारा किया गया। जिसमें जेबीएम ग्रीन एनर्जी सिस्टम्स, गुरुग्राम के सीईओ अरुण कपूर, डीटीयू दिल्ली से प्रोफेसर मुख्तियार सिंह, शारजाह विश्वविद्यालय, संयुक्त अरब अमीरात से प्रोफेसर आरसी बंसल, ऑटोमोबाइल विशेषज्ञ और हीरो मोटोकॉर्प के पूर्व जीएम अरुण शिवसुब्रमण्यन प्रमुख रहे।

वक्ताओं ने नवीकरणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों के एकीकरण से लेकर बैटरी प्रौद्योगिकी, चार्जिंग बुनियादी ढांचे, इलेक्ट्रिक मोटर और ड्राइव-ट्रेन, बाजार के रुझान, चुनौतियों और अवसरों से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान क्वार्बंज इंफो सिस्टम्स, कानपुर से डॉ. सालिम कुरैशी और एए बाजपेयी द्वारा व्यवहारिक सत्र आयोजित किये गये। प्रतिभागियों को बुनियादी से लेकर उन्नत स्तर तक के व्यापक सिमुलेशन पर प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को फरीदाबाद में इलेक्ट्रिक वाहनों की प्रमुख विनिर्माण कंपनी ओमेगा सेको मोबिलिटी (ओएसएम) का दौरा कराया गया।

कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रो. पूनम सिंघल ने आयोजकों, संकाय सदस्यों और छात्रों के प्रयासों को स्वीकार करते हुए सभी को धन्यवाद दिया। पाठ्यक्रम का समन्वयन डॉ. साक्षी कालरा और डॉ. अनुभा गौतम द्वारा किया गया।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


**NEWS CLIPPING:12.08.2023**

# TEHELKA JAZBA

# इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी पर पाठ्यक्रम का सफल समापन

**तहलका जज्बा**

**फरीदाबाद।** जेसी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी पर आयोजित एक सप्ताह का पाठ्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ। समापन सत्र में विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर अंजू गुप्ता ने पाठ्यक्रम की कार्यवाही का एक व्यावहारिक अवलोकन प्रस्तुत किया। उन्होंने संसाधन वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाया। इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय (एफईटी) के डीन प्रो. राज कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए इस तरह की पहल के माध्यम से ज्ञानवर्धन के महत्व पर प्रकाश डाला और संकाय सदस्यों के कौशल को बढ़ाने में इन पाठ्यक्रमों की भूमिका पर बल दिया।

कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता तथा आयोजन के लिए विभाग की सराहना की। प्रो. तोमर ने छात्रों और संकाय सदस्यों को उन्नत ज्ञान एवं कौशल से लैस करने में ऐसे प्रयासों के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि तेजी से विकसित हो रहे



तकनीकी परिदृश्य में प्रासंगिक बने रहने के लिए ऐसे पाठ्यक्रम आवश्यक हैं।

पांच दिवसीय कार्यक्रम में विविध सत्र आयोजित किये गए, जिसमें प्रत्येक का संचालन इलेक्ट्रिक वाहनों में विशेषज्ञता वाले प्रतिष्ठित शिक्षाविद् तथा उद्योग विशेषज्ञों द्वारा किया गया, जिसमें जेबीएम ग्रीन एनर्जी सिस्टम्स, गुरुग्राम के सीईओ अरुण कपूर, डीटीयू दिल्ली से प्रोफेसर मुख्तियार सिंह, शारजाह विश्वविद्यालय, संयुक्त अरब अमीरात से प्रोफेसर आरसी. बंसल, और ऑटोमोबाइल विशेषज्ञ और हीरो मोटोकॉर्प्स के पूर्व जीएम अरुण शिवसुब्रमण्यम प्रमुख रहे। वक्ताओं ने नवीकरणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों के एकीकरण से लेकर बैटरी प्रौद्योगिकी, चार्जिंग बुनियादी ढांचे, इलेक्ट्रिक मोटर और ड्राइव-ट्रेन, बाजार के रुझान, चुनौतियों और अवसरों से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान क्वार्बज इन्फो सिस्टम्स, कानपुर से डॉ. सालिम कुरेशी और एरा बाजपेयी द्वारा व्यावहारिक सत्र आयोजित किये गये। प्रतिभागियों को बुनियादी से लेकर उन्नत स्तर तक के व्यापक सिमुलेशन पर प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को फरीदाबाद में इलेक्ट्रिक वाहनों की प्रमुख विनिर्माण कंपनी ओमेगा सेकी मोबिलिटी (ओएसएम) का दौरा कराया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रो. पूनम सिंघल ने आयोजकों, संकाय सदस्यों और छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी को धन्यवाद दिया। पाठ्यक्रम का समन्वयन डॉ. साक्षी कालरा और डॉ. अनुभा गौतम द्वारा किया गया।

**NEWS CLIPPING:12.08.2023**

# PUNJAB KESARI

## विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया रेडियो की कार्यप्रणाली और संरचना सीखी

फरीदाबाद, 11 अगस्त (पूजा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग ने विद्यार्थियों का ऑल इंडिया रेडियो, नई दिल्ली का शैक्षणिक दौरा कराया। बीएजेएमसी विभाग के तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने इसमें भाग लिया। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को ऑल इंडिया रेडियो की कार्यप्रणाली और संरचनाओं के बारे में जानकारी देना रहा।

इस दौरे के माध्यम से छात्रों को स्टूडियो, नियंत्रण कक्ष और आकाशवाणी स्टूडियो में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों के कार्य का व्यावहारिक अनुभव मिला। छात्रों को ऑल इंडिया रेडियो के कर्मचारियों से मिलने और बातचीत करने का भी मौका मिला।

छात्रों ने स्टूडियो उपकरणों से संबंधित नवीनतम तकनीकों की भी जानकारी ली। छात्रों ने रेडियो स्टेशनों पर लाइव कार्यक्रम व रेडियो प्रसारण से संबंधित तकनीकी पहलुओं को भी समझा।

डिजिटल की दुनिया में समझा आकाशवाणी का महत्व ऑल इंडिया

**रेडियो टीम के सदस्यों ने छात्रों से डिजिटल दुनिया में आकाशवाणी के महत्व पर की चर्चा**

रेडियो टीम के सदस्यों ने छात्रों से इस डिजिटल दुनिया में आकाशवाणी के महत्व के बारे में बात की। छात्रों को सटीक ज्ञान और जानकारी के लिए ऑल इंडिया रेडियो सुनने के लिए प्रेरित किया। यह दौरा संवादात्मक और सार्थक रहा। जिसमें उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो के महत्व के बारे में जाना और इसके कार्य और संरचना को समझा। अंत में विद्यार्थियों ने आकाशवाणी द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'मेरी माटी-मेरा देश' का भी आनंद लिया। आईटीबीपी (भारत-तिब्बत सीमा पुलिस) और उनके समूह के लाइव प्रदर्शन ने यात्रा को यादगार और उल्लेखनीय बना दिया।

यह दौरा संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग डीन प्रोफेसर डॉ पूनम सिंगल एवं विभागाध्यक्ष डॉ पवन सिंह के मार्गदर्शन व विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. तरूणा नरूला और प्रोडक्शन असिस्टेंट पंकज सैनी की देखरेख में किया गया। जे. सी. बोस यूनिवर्सिटी, वाईएमसीए के कुलपति प्रोफेसर एस. के. तोमर और कुलसचिव डॉ सुनील गर्ग ने सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए हुए कहा की भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक दौरों का आयोजन होते रहना चाहिए ताकि मीडिया विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल एक्सपोजर मिलता रहे।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:12.08.2023**

# AMAR UJALA

## इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी पर आयोजित पाठ्यक्रम संपन्न

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी पर आयोजित एक सप्ताह का पाठ्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस दौरान प्रतिभागियों को इलेक्ट्रिक वाहनों की प्रमुख विनिर्माण कंपनी ओमेगा सेकी मोबिलिटी (ओएसएम) का दौरा कराया गया। वहीं, इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। संवाद

**NEWS CLIPPING:12.08.2023**

## HINDUSTAN

# छात्रों ने रेडियो की कार्यप्रणाली जानी

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग ने छात्रों का ऑल इंडिया रेडियो, नई दिल्ली का शैक्षणिक दौरा कराया। बीएजेएमसी विभाग के तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने इसमें भाग लिया। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को ऑल इंडिया रेडियो की कार्यप्रणाली और संरचनाओं के बारे में जानकारी देना रहा। छात्रों को स्टूडियो, नियंत्रण कक्ष और आकाशवाणी स्टूडियो में उपकरणों के कार्य के बारे में बताया।